हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, मंगलवार, 6 मई, 2025

11 श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से होता है पापों का नाश ...



12 महावीर स्वामी के जिओ और जीने दो के सिद्धांत पर...



## खबर संक्षेप

### कृषि यंत्रों का 7 मई को होगा भौतिक सत्यपान

**चरखी दादरी।** सहायक कृषि अभियंता मनीष मेहता ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन योजना 2024- 25 के तहत जिन किसानों ने कृषि यंत्र खरीदे थे और जिनका प्रथम भौतिक सत्यपन 30 नवंबर 2024 को हो चुका है, उनका दूसरा सत्यापन 7 मई को किया जाएगा। इसके लिए दादरी व झोझू के किसानों को नई सब्जी मंडी दादरी में एवं बाढड़ा के किसानों को नई अनाज मंडी में अपनी मशीन लेकर सत्यापन के लिए पहुंचना है।

### द्वितीय फिजिकल वेरिफिकेशन कल

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के माध्यम से किसानों द्वारा खरीदी गई सुपर सीडर मशीन की द्वितीय फिजिकल वेरिफिकेशन सात मई को होगी। खण्ड स्तरीय कमेटी द्वारा सात मई को खण्ड स्तर पर द्वितीय भौतिक सत्यापन करवाने के लिए शेड्यूल तैयार किया गया है।

### नशामुक्ति शिविर 8 से 12 तक, जागरण 11 को

**चरखी दादरी।** श्रीबालानाथ योगाश्रम बलाली आदमपुर के प्रागंण में आश्रम सदस्यों की आमसभा की बैठक रणवीर पहलवान प्रधान सांगवान खाप बलाली कन्नी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सुरेश पहलवान ने बताया कि हर वर्ष की भांति बाबा गिरधारीनाथ के जन्मदिवस पर मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 8 से 12 मई तक नशामुक्ति शिविर का आयोजन होगा। आश्रम सचिव मास्टर नरेश ने बताया कि 11 मई की रात्रि को विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा।

### साढ़े पांच लाख ठगने का तीसरा आरोपी पकड़ा

**भिवानी।** थाना साइबर क्राइम भिवानी की टीम ने ऑनलाइन सीमेंट भेजने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। विनीत निवासी हिसार ने थाना साइबर क्राइम पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसके साथ सीमेंट खरीदने के नाम पर साढ़े पांच लाख की ठगी की गई है। इसी मामले में तीसरे आरोपी को गुरुग्राम से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।आरोपी की पहचान अभिषेक पुत्र मनोज कुमार निवासी गांव मरारा, नवादा, बिहार के रूप में हुई है।

### पुलिस दंपति ने पौधरोपण कर मनाया बेटी का जन्मदिन

**भिवानी।** समाज को सकारात्मक संदेश देते हुए हवलदार लोकराम नेहरा एवं एएसआई कांता नेहरा ने अपनी बेटी अदिति का 13वां जन्मदिन अनोखे और पर्यावरण हितैषी तरीके से मनाया। उन्होंने गांव झुपाकलां में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर बतौर मुख्यतिथि पहुंचे त्रिवेणी बाबा ने कहा कि हमें अपने बच्चों का जन्मदिन होटल या अन्य स्थनों पर फिजूल खर्ची करके नहीं, बल्कि पौधरोपण कर मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी के कारण बच्चे से लेकर बूढ़े तक सभी त्रस्त है। इन परेशानियों का सबसे सस्ता व लोकप्रिय उपाय अधिक से अधिक पौधों का रोपण कर उनका संरक्षण करना।

### किसान अपनाएं सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली: डीसी

**चरखी दादरी।** किसानों को सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली को अपनाना चाहिए, क्योंकि सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली से 70 प्रतिशत जल की बचत होती है। जो जल संरक्षण को बढावा देने के लिए कारगर साबित हो सकती है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध जल रूपी प्राकृतिक संपदा देने के लिए जल संरक्षण जरूरी है।

## जीतू वाला जोहड़ फाटक रोड बंद, तीन किमी. का लगाना पड़ रहा चक्कर

# ओवरब्रिजः रेलवे का काम पूरा, पीडब्ल्यूडी का अभी बाकी, लाखों लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

डीसी साहब ईधर भी देखिए। भले ही भविष्य में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के बाद बाहरी कॉलोनी में रहने वाले लोगों को सहुलियत हो, लेकिन आज के दिन तो एक दर्जन बाहरी कॉलोनियों के लोग दुर्दिनों के दौर से गुजर रहे है। रेलवे की तरफ से जीतू वाला फाटक रोड पूरी तरह से बंद कर दिया। जिस वजह से इन इलाकों के लोग रेलवे लाइन के लौहे के गाटर फांद कर शहर पहुंच रहे है। रेलवे ने ऐसी बंदिश लगाई है कि यहां से दोपहिया वाहन भी नहीं निकल पा रहे है। ऐसे में बाहरी कॉलोनी के लोगों को कोई अमरजेंसी हो जाए तो उनको कम से कम तीन किलोमीटर का चक्कर लगाकर शहर में पहुंचना पड़ रहा है।

हालात ये बने है कि इस समस्या को लेकर कई बार क्षेत्र लोग जिला प्रशासन को सूचना भी दे चुके है,लेकिन आज तक उनकी हर बातों को अनसुना किया जा रहा है,जबकि उक्त बाहरी इलाके में करीब एक लाख लोगों की आबादी रहती है। साथ में इस रोड पर गांव दिनोद व बापौड़ा के लोगों का भी आवागमन रहता है। फिलहाल इन बाहरी कॉलोनी के लोगों बुरे दिनों के दौर में जीना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि जीतू वाला जोहड़ फाटक पर ओवरब्रीज बनाया जा रहा है। रेलवे ने अपने हिस्से का ओवरब्रीज का निर्माण मुक्क्मल कर दिया। अब दोनों तरफ प्रदेश सरकार के हिस्से का ओवरब्रीज का निर्माण बाकी है। प्रदेश सरकार के हिस्से के पुल के निर्माण की मांग को लेकर कई कॉलोनियों के लोग आंदोलनरत है,लेकिन अभी पुल का निर्माण कार्य पूरा नहीं करवाया है।





**भिवानी।** रेलवे द्वारा बंद किए गए रास्ते पर लगे लौहे के गाटर को फांदकर गुजरता एक व्यक्ति व सीमेंट के पिल्लर डालकर रेलवे द्वारा रोका गया रास्ता।



**भिवानी।** अधूरा पड़ा ओवरब्रीज का निर्माण कार्य। *फोटो: हरिभूमि*

### सांसद के दरबार में लगाई फरियाद

पार्षद शिवकुमार गोठवाल ने बताया कि प्रदेश सरकार के हिस्से के पुल के निर्माण की मांग को लेकर वे आज सांसद धर्मबीर सिंह से मिले थे और पुल का निर्माण अति शीघ्र करवाए जाने की मांग की थी। जिस पर सांसद ने ठेकेदार व सरकार के आला अधिकारियों से बातचीत की। सांसद ने जल्द ही उनकी समस्या का समाधान करवाए जाने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व उक्त इलाके के लोग विधायक घनश्याम सर्राफ से भी मुलाकत कर चुके है। पर समस्या ज्यो की त्यों बनी है। पार्षद शिवकुमार गोठवाल ने बताया कि पिछले तीन चार दिनों से तो रेलवे ने उक्त रास्ते को पूरी तरह से बंद कर दिया। अब किस तरह से क्षेत्र के लोग शहर में जा पाए। बड़ी विकट समस्या बन गई।

### बाहरी कॉलोनियों में बसी आबादी अधिक परेशान

बताया जाता है कि रेलवे लाइनों के उपर पुल बनाने की जिम्मेदारी रेलवे की होती है। जितनी दूरी में रेलवे को पुल बनाना था। रेलवे ने अपने हिस्से का पुल का कार्य पूरा कर दिया। रेलवे की तरफ से उनके इलाके में बनाया गया पुल आने व जाने के लिए मुक्कमल है,लेकिन अभी प्रदेश सरकार की तरफ से पुल का कार्य पूरा नहीं किया गया है। जिस वजह से पुल से वाहनों की आवाजाही शुरू नहीं हो पा रही है। फिलहाल फाटक बंद करने के बाद करीब एक दर्जन बाहरी कॉलोनियों के लोगों को करीब तीन से चार किलोमीटर का चक्कर लगाकर शहर में पहुंचना पड़ रहा है। अगर कोई अमरजेंसी आ जाए तो इन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को इतना लंबा चक्कर लगाकर ही शहर में जाना पड़ता है।

## निजी स्कूलों को छात्रों का विवरण 15 तक करना होगा लिंक पर अपलोड

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी



- चिराग योजना से कक्षा पांचवीं से 12वीं तक मुफ्त शिक्षा का प्रावधान

मुख्यमंत्री हरियाणा समान शिक्षा राहत, सहायता एवं अनुदान चिराग स्कीम के तहत शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में कक्षा पांचवीं से 12वीं में मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में गरीब परिवारों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान की जानी है, जिसके लिए मौलिक शिक्षा निदेशालय द्वारा निजी विद्यालयों द्वारा दर्शाई गई सीटों पर दाखिला छात्रों का विवरण विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करवाने के लिए लिंक को 15 मई तक लाइव कर दिया गया है।

उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि विभाग की ओर से जारी लिंक तथा एमआईएस पर छात्रों का विवरण 15 मई तक अपडेट करवाने बारे संबंधित विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं। इस बारे में प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी विद्यालयों से डाटा अपडेशन की दैनिक रिपोर्ट प्राप्त कर शिक्षा निदेशालय को अवगत करवाना सुनिश्चित करें, ताकि डाटा अपडेशन अनुसार दाखिल छात्रों की फीस प्रतिपूर्ति राशि का क्लेम विद्यालयों को जारी किया जा सके।

## पूल स्नूकर में हितेश ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

- रॉयल बिलियड्र्स क्लब के खिलाड़ियों एवं इंडिया स्पोर्ट्स संघ ने विजेताओं को दी बधाई

रॉयल बिलियड्र्स क्लब के खिलाड़ी हितेश शर्मा ने बिट्स पिलानी द्वारा आयोजित बिट्स प्रीमियर लीग पूल स्नूकर प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। इस अवसर पर रॉयल बिलियड्र्स क्लब के खिलाड़ियों एवं इंडिया स्पोर्ट्स संघ ने उन्हें बधाई दी।

रॉयल बिलियड्र्स क्लब के अध्यक्ष अशोक परमार एवं इंडिया स्पोर्ट्स संघ राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रीतिक वधवा ने हितेश शर्मा की उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि हितेश शर्मा ने अपनी प्रतिभा, लग्न और परिश्रम के बल पर बेहतरीन प्रदर्शन करके देश का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर अशोक परमार हितेश शर्मा, संदीप यादव, धर्मेंद्र अरोड़ा, दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सीमा ने जीते दो स्वर्ण पदक

- दिशा सांगवान ने 100 मीटर हैर्डल दौड़ में कांस्य पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

नरवाना के नवदीप स्टेडियम में 3 से 4 मई तक लड़के व लड़कियों के लिए 14वीं हरियाणा राज्य अंडर 20 जूनियर एथलैटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में सीमा कालीरामण ने हैप्टाथलॉन व त्रिकूद में स्वर्ण पदक, दिशा सांगवान ने 100 मीटर हैर्डल दौड़ में कास्य व मुनेश ईशरवाल ने चक्का फैंक में कास्य पदक प्राप्त किया। सीमा ने अब तक विभिन्न प्रकार की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में 17 पदक प्राप्त किए हैं, ये उनका 18वां पदक है। मुनेश ने पहले भी 25 पदक जीतकर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया हैं, उनका ये 26वां पदक है। चौधरी खेमचन्द स्टेडियम बुशान के संचालक पूर्व डीएसओ जयसिंह कालीरामण ने बताया कि ये तीनों खिलाड़ी आगामी 27 से 29 मई तक भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय एथलैटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे। पदक विजेता खिलाड़ियों का स्टेडियम में पहुंचने पर बाबा पूर्णनाथ ने आशीर्वाद दिया और प्रियंका कालीरामण ओलंपियन व अन्य खिलाड़ियों ने फूलमालाओं के साथ स्वागत किया।



**भिवानी।** महंत व कोच के साथ पदक विजेता खिलाड़ी। *फोटो: हरिभूमि*

## खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं: पंवार

- हरियाणा की पुरुष एवं महिला कबड्डी टीमों ने चौथी सीनियर फेडरेशन कप में जीते ब्रांज मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

महाराष्ट्र के अमरावती में विदर्भ एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन अमरावती जिला कबड्डी एसोसिएशन एवं शोध प्रतिष्ठान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चौथी सीनियर फेडरेशन कप कबड्डी प्रतियोगिता में प्रदेश की पुरुष और महिला टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन हरियाणा के अध्यक्ष एवं पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने प्रतियोगिता में पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। अध्यक्ष कृष्ण लाल पंवार ने विशेष रूप से लड़कों की टीम के भीम अवार्डी सुरजीत नरवाल कोच, सहायक कोच नसीब तथा लड़कियों की टीम की भीम अवार्डी प्रियंका पिलानिया कोच, सहायक कोच ज्योति के उत्कृष्ट प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है केवल सही दिशा और समर्थन की। इस अवसर पर हरियाणा ओलंपिक संघ के महासचिव कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि हरियाणा के युवा खिलाड़ी निरंतर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, जो प्रदेश के लिए अत्यंत गर्व की बात है, ये सफलता प्रदेश के खेल इतिहास में स्वर्णिम अध्याय जोड़ने वाली है। उन्होंने कहा कि कबड्डी जैसे पारंपरिक भारतीय खेल को प्रोत्साहन देना समय की मांग है और हरियाणा के युवा खिलाड़ियों ने यह साबित कर दिया है कि अगर उन्हें उचित मंच, प्रशिक्षण और सहयोग मिले तो वे विश्वस्तरीय प्रदर्शन करने में सक्षम हैं।




**चरखी दादरी।** विजेता टीमों के साथ मंत्री कृष्णलाल पंवार। *फोटो: हरिभूमि*

## दोबारा ज्वाइनिंग की मांग को लेकर होगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

- हरियाणा का अलग से वेतन आयोग सहित अन्य मांगों को लेकर 20 को राष्ट्रव्यापी आंदोलन में लेंगे भाग : आलमपुर

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर नंबर-41 मुख्यालय चरखी दादरी संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला भिवानी की सभी ब्रांचो की मीटिंग स्थानीय बड़ चौक स्थित यूनियन कार्यालय संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान अनिल बागड़ी ने किया तथा संचालन सोमबीर पालवास रहे। इस दौरान कर्मचारियों के तमाम मांग व मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर राज्य उप प्रधान सूरजभान जटासरा, राज्य संगठन सचिव सुशील आलमपुर व राज्य सह सचिव संदीप सौरखी मौजूद रहे। उन्होने बताया कि बैठक के दौरान एचकेआरएन के हटाए गए कर्मचारियों को वापस ज्वाइन करवाने सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के आवास पर 11 व 12 मई धरना व प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मांगों को लेकर वे 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़-चढक़र भाग लेंगे। इस मौके पर जिला प्रधान अनिल बागड़ी व सोमबीर पालवास ने कहा कि यदि अब भी सरकार कर्मचारियों की मांगें मानकर उनके हितों से खिलवाड़ बंद नहीं करती है तो कर्मचारी भविष्य में बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। भाजपा सरकार कर्मचारी विरोधी फैसले ले रही है।

## वीसी ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

विद्यार्थियों को परीक्षा में नकल से परहेज करना चाहिए क्योंकि नकल विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकारमय बनाती है। इसलिए विद्यार्थी पूर्ण लग्न,मेहनत और पढ़कर ईमानदारी से पूर्ण आत्म विश्वास के साथ परीक्षा दें।

यह विचार चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी ने वैश्य महाविद्यालय तथा महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय में यूजी छठे सेमेस्टर की परीक्षा के परीक्षा केंद्रों के औचक निरीक्षण के दौरान कहे। उन्होंने कहा कि चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय नकल रहित परीक्षाओं के सफल संचालन को कृत संकल्पित है। विद्यार्थी देश का भविष्य हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे किसी प्रकार की नकल नहीं करनी चाहिए, उन्हें अध्ययन कर परीक्षा की बेहतर तैयारी करनी चाहिए। कुलपति परीक्षा केंद्र पर सफाई व्यवस्था को लेकर खुश नजर आई। परीक्षा केंद्र पर परीक्षा नकल रहित संचालित मिली और औचक निरीक्षण में सभी व्यवस्थायें संतोषजनक मिली।



**बवानी खेड़ा।** बाबा सोमवार पूरी कुटिया के महंत बाबा कैलाश गिरी जी की 5 धुनी तपस्या सोमवार से शुरुआत करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

## 5 धुनी तपस्या पर बैठे सोमवार पुरी कुटिया के महंत कैलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा स्थित बाबा सोमवार पूरी कुटिया के महंत बाबा कैलाश गिरी की 5 धुनी तपस्या सोमवार से शुरुआत हो चुकी है जो 41 दिन चलेगी इसका समय 11 से 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। जानकारी देते हुए भक्त बिजेन्द्र ने बताया कि महंत बाबा कैलाश गिरी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चिलचिलाती गर्मी में धुनी तपस्या में बैठकर शहर की सुख-शांति और स्मृद्धि के लिए तपस्या करते हैं जिससे शांति बनी रहती है। वहीं बाबा जर्नानाथ मंदिर के महंत बाबा नरेश नाथ द्वारा व हनुमान मंदिर में खेतों में बाबा श्रवणगिरी महाराज द्वारा भी धुनी तपस्या की शुरूवात की।

## रक्त की तरह पानी की एक-एक बूंद कीमती : चौधरी

# सही समय पर दिया जाएगा पाकिस्तान को जवाब

- पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन के उपलक्ष में आयोजित रक्तदान शिविर को राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने किया रक्तदाताओं को संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी/तोशाम

राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पाकिस्तान को सही समय पर करारा जवाब दिया जाएगा, ताकि वह फिर से भारत की तरफ आंख उठा कर देखने की हिम्मत ना करें।

उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भाखड़ा के पानी पर ओछी राजनीति कर रहे हैं जबकि भाखड़ा के पानी का बंटवारा पहले ही हो चुका है, जिसमें हरियाणा का हक है। हरियाणा अपना हक लेकर रहेगा। इसके लिए सिंचाई तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी निरंतर केंद्रीय और प्रदेश के नेताओं के संपर्क में है। उन्होंने कहा कि विकास कार्य करवाना ही उनका प्रमुख ध्येय और धर्म है। राज्यसभा सांसद चौधरी केंद्रीय ऊर्जा मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जन्मदिवस के अवसर पर शहर के हांसी गेट स्थित श्री रामकुंज सत्संग धाम में आयोजित रक्तदान शिविर को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहीं थी।



**भिवानी।** रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करती सांसद किरण चौधरी।

### रक्त की एक बूंद जरूरतमंद को देती है नया जीवन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भिवानी से विधायक विधायक घनश्याम सर्राफ ने भी केंद्रीय ऊर्जा मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और उनकी लंबी उम्र की कामना की। उन्होंने कहा कि रक्त की एक बूंद जरूरतमंद को नया जीवन प्रदान करती है। यह बहुत बड़ा समाज सेवा का कार्य है। कार्यक्रम में अमर सिंह हालुवासिया, सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य, सुरेश सेन, प्रवीण गर्ग, डॉ बुधदेव आर्य, दिलबाग नीमडी, डॉ जय सिंह वाल्मीकि, विनोद चावला, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार जांगड़ा, मंडल अध्यक्ष कुलदीप मैहला, विक्की मेहता, सतीश कुमार,औमपाल पंघाल, किरणपाल ढिल्लो, रोहतास दहिया, जगत कौशिक, सुरेश लाठर, संजय व जेपी हसानिया वाइस चेयरमैन सुनील भारीवास, वैभव अशोक सिंगल, रॉबिन पंघाल, अजय पंघाल, रमेश कोहड़, मास्टर आत्माराम, संदीप सांगवान,पूर्व चेयरमैन सत्यनारायण शर्मा, पूर्व जिला परिषद भोलू, वजीर डाडम, सज्जन सांडवा, महेंद्र नंबरदार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### दिल्ली की तरह पंजाब में आप की खिसकी जमीन

उन्होंने कहा कि पहलगांव जैसी दर्दनाक घटना के समय पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा पानी पर बेबुनियादी मुद्दा बनाना सरासर गलत है जबकि पूरा देश इस घटना से स्तब्ध है और पाकिस्तान के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री को एहसास हो चुका है कि दिल्ली की तरह ही उनकी भी राजनीतिक जमीन खिसक चुकी है। किरण चौधरी ने कहा कि जो भाखड़ा के पानी पर हक हरियाणा का बनता है, उसको हर हाल में लिया जाएगा। किरण चौधरी ने लोगों से पानी की एक-एक बूंद बचाने की अपील की।

रोहतक, मंगलवार 6 मई 2025

# हरिभूमि सहेली



मां एक शब्द भर नहीं है, एक एहसास है, इसे बयां करना आसान नहीं है। मां किसी भी युग की हो, उसने अपने मूल स्वभाव ममत्व को कभी नहीं बदला। हां, समय के बदलाव के साथ अपने आपको इस तरह जरूर बदला कि उसके बच्चों की परवरिश ऐसी हो कि वे जमाने के साथ कदमताल करें, उनका भविष्य उज्ज्वल हो। इस बदले दौर में मां की महिमा और ज्यादा बढ़ चुकी है।

# आज की मां

कवर स्टोरी

**अलका सोनी**

हमारे लिए मां-पिता दोनों ही समान रूप से आदर के पात्र हैं, लेकिन मां जननी होती है तो उसका दर्जा थोड़ा ऊंचा हो जाता है। मां शब्द भले ही एक अक्षर का है पर इसमें सारी सृष्टि समाहित है। बचपन से लेकर युवावस्था तक या कहें जब तक मां का साया हमारे ऊपर है, हमारा हाथ थामे रहती है, हमारा बहुत बड़ा संबल होती है। मां को कभी अपनी चिंता नहीं होती, उसे अपने बच्चों की चिंता रहती है। उनकी खुशी में ही उसकी खुशी है।

**बदलते युग में मां का सजग रूप:** युग कोई हो, मां की ममता, उसके व्यवहार, भावनाओं और प्रेमभाव में कभी कोई परिवर्तन नहीं आया। अगर कुछ दशक पहले की बात करें, जब प्रायः मां शिक्षित नहीं होती थी, लेकिन अपने लालन-पानल में कोई कसर नहीं छोड़ती थी। आज की अधिकतर मां जब शिक्षित है, उसका देखने-समझने का नजरिया बदला है, व्यापक हुआ है। अब वह बच्चे के बीमार पड़ने पर उसकी नजर उतारने के साथ ही डॉक्टर को भी दिखाती है। अगर हम कहें कि आज मां की भूमिका पहले से ज्यादा महत्वपूर्ण और चुनौती भरी हो गई है तो गलत नहीं होगा।

**आज भी केंद्रीय भूमिका में है:** समय के साथ मां के रूप और जिम्मेदारियों में बदलाव आया है, लेकिन मां की भूमिका आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण और केंद्रीय है, जैसे पहले थी। वह सिर्फ शिक्षित ही नहीं हुई है, जागरूक भी हुई है। आज की मां जानती है कि बच्चे की परवरिश केवल खान-पान और पढ़ने-पढ़ाने तक सीमित नहीं है। वह बच्चों में बुद्धिमत्ता, आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाना जरूरी समझती है। पहले की मांएं अनुभव के सहारे चलती थीं, आज की शिक्षित मांएं, अनुभव के साथ-साथ नए रिसर्च और डिजिटल संसाधनों का भी सहारा लेती हैं। वे टेक्नोलॉजी के इस युग में इंटरनेट से लेकर एप्स तक, ऑनलाइन लर्निंग से लेकर सोशल मीडिया तक, हर संसाधन से परिचित रहना चाहती हैं ताकि बच्चे की परवरिश में कोई कमी न रह जाए। उनका बच्चा बदले जमाने में कहीं पीछे न रह जाए। आज की मां जानती है बच्चों को डिजिटल दुनिया से वाफिक कराना कितना जरूरी है। पढ़ी-लिखी होने के कारण वह इसका महत्व समझती है। आधुनिक मांएं नई पीढ़ी के व्यक्तित्व निर्माण में अपनी बहुत ही बड़ी भूमिका निभा रही हैं।

## परवरिश का बदला स्वरूप



पहले की मांओं का परवरिश में बच्चों पर अनुशासन और परंपरा का अधिक जोर होता था, लेकिन आज की मांएं सिर्फ अपनी ही नहीं चलातीं, अपने बच्चों की भी सुनती हैं। वे अपने बच्चों के सवालों को दबाती नहीं, उन्हें सुनती हैं। वे अपने बच्चे के हर 'क्यों' का जवाब देती हैं। नए दौर की मांएं अपने बच्चों से संवाद रखना जरूरी समझती हैं। उन्हें डराने-धमकाने की जगह शांति से उनकी मन की उलझनों को दूर करती हैं। साथ ही अपने बच्चों को भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए तैयार करती हैं, मजबूत बनाती हैं।

**मल्टीटास्किंग की मिसाल:** आज की अधिकांश मांएं घर के साथ-साथ ऑफिस की भी जिम्मेदारी निभा रही हैं। वे मल्टीटास्किंग की मिसाल हैं। सुबह ऑफिस के लिए स्वयं भी तैयार होती हैं। बच्चों का टिफिन बनाती हैं, मीटिंग्स अटेंड करती हैं फिर बच्चों की ऑनलाइन क्लास, होमवर्क और उनकी भावनात्मक जरूरतों का भी ध्यान रखती हैं। इसके साथ ही घर के बाकी कामों के बीच भी सामंजस्य बनाए रखती हैं। ये सब देख बच्चों में भी सामंजस्य की क्षमता का विकास होता है। बेशक यह काम आसान नहीं है, लेकिन उनका यह अंदाज बताता है कि आज की मांएं अपनी प्राथमिकताओं और समय प्रबंधन की अच्छी समझ रखती हैं। वे थकती हैं लेकिन हताश-निराश नहीं होतीं।

**समझती हैं बच्चों के मनोभाव :** आज की मां अपने बच्चों के मनोभावों को अच्छी तरह समझती है। वह बच्चों को भावनाएं छिपाने की बजाय व्यक्त करने के लिए प्रेरित करती है। पहले 'लड़के रोते नहीं' जैसी बातों को सामान्य माना जाता था, अब मां सिखाती है कि भावनाओं का इजहार जरूरी है, यह कोई कमजोरी नहीं है। वे बेटे और बेटियों दोनों की परवरिश समान रूप से करती हैं। बच्चे की हर छोटी-बड़ी बात को गंभीरता से लेती हैं, उसे सुनती हैं, जरूरत के अनुसार समझती हैं। यह बच्चों की परवरिश का ऐसा अंदाज है, जो उन्हें भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है।

**समानता की पक्षधर:** आज की शिक्षित मां लैंगिक समानता की पक्षधर है। वह बेटी को भी वही अवसर देती है, जो बेटे को मिलते हैं। फिर चाहे वह पढ़ाई से जुड़े अवसर हों या पोषण से जुड़े। वह बेटे को बताती है कि घर का काम सिर्फ लड़कियों का नहीं, लड़कों का भी है। साथ ही उनके मन में लड़कियों के प्रति सम्मान



की भावना जगाती है। वह बेटियों को स्वाभिमान और आत्मनिर्भर होकर जीना सिखाती है। साथ ही आज की मां अपने बच्चे को सच्चाई, ईमानदारी, करुणा और जिम्मेदारी जैसे गुणों की भी सीख देती है। वह जानती है कि केवल डिग्रियां ही नहीं, अच्छे संस्कार भी सुखी और खुशहाल जीवन का आधार हैं।

**परिस्थितियों से खुद जूझना सिखाती है:** आज की मां यह समझती है कि हर समय बच्चे के सिर पर खड़े रहना उसे मजबूत नहीं बनाएगा। उसे थोड़ा आजादी देना भी जरूरी है ताकि वह अपने पैरों पर खड़ा हो, आत्मनिर्भर बने। वह बच्चों को फैसले लेने देती है, उनसे गलती होने पर सीखने का अवसर देती है। बदली हुई परिस्थितियों को देखते हुए नए जमाने की मां बच्चों की एक ढाल बनकर तो रहती है, लेकिन बच्चों को परिस्थितियों से खुद जूझना भी सिखाती है।

**अपने वजूद को लेकर सजग:** आज की मां को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। करियर का दबाव, समाज की अपेक्षाएं और कभी-कभी अकेलेपन की पीड़ा। फिर भी वह मुस्कराती है, क्योंकि वह जानती है कि उसकी मुस्कान ही बच्चों की हिम्मत है। इन सबके बीच भी वह अपने वजूद को लेकर सजग रहती है। पहले मां अपनी इच्छाओं, शौकों और करियर को त्याग देती थी। आज की मां जानती है, खुद का ख्याल रखना भी जरूरी है। तभी वह अपने बच्चों की अच्छे से परवरिश कर सकेगी। आज की मां योग करती है, किताबें पढ़ती है, यात्रा करती है, अपने लिए भी समय निकालना जरूरी समझती है।

आज की मां समय का तकाजा समझती है। अपने बच्चों के सपनों को पंख देती है, लेकिन उनके पैरों को जमीन से जोड़े भी रखती है। आज की मां सिर्फ एक मां नहीं, शिक्षक है, गाइड है और अच्छी दोस्त भी है। वह अपने बच्चों को सिर्फ जीना नहीं, एक सार्थक जीवन जीना सिखाती है। इस तरह मां ने समय के अनुरूप अपनी भूमिका बढ़ाकर समाज-परिवार में अपनी उपादेयता को नए आयाम दिए हैं। ❁

# मां को भी चाहिए आपका प्यार भरा साथ

याद कीजिए अपना बचपन, जब मां आपके लालन-पालन में दिन-रात एक किए रहती थीं। आपको जरा भी तकलीफ नहीं होने देती थीं। आपकी चिंता में उसे अपनी सुधि नहीं रहती थी। ऐसे प्यार भरे साथ और देखभाल की अब आपकी वृद्ध मां को जरूरत है, जो आपको करनी है। उनकी खुशी को अपनी खुशी समझना है।



केयरिंग

**सरस्वती रमेश**

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में बूढ़े मां-बाप या तो गांवों में अकेले छूट गए हैं या शहर में बेटे-बहू के साथ रहते हुए भी अकेलापन महसूस करते हैं। यह अकेलापन तब और ज्यादा दुखदायी हो जाता है, जब पिता, मां को अकेला छोड़ दुनिया से विदा हो जाते हैं। ऐसा नहीं है कि हम अपनी अकेली मां को समय नहीं दे सकते। तमाम व्यस्तता के बावजूद भी हम अपनी मां की देखभाल कर सकते हैं, उन्हें अपना प्यार देकर खुश रख सकते हैं। बस हमें कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

**मां से जुड़ी रहें:** मां, उम्र के हर पड़ाव पर अपने बच्चों का हाथ थामे रखती है। उन्हें हर बुरी-अच्छी स्थिति में अपना प्यार-दुलार देकर एक भरोसा बनाए रखती है। लेकिन मां को भी वृद्धावस्था में अपने बच्चों के साथ की जरूरत होती है। उसका शरीर कमजोर हो चुका होता है। ऐसे में उसे अपने बच्चों का सहारा चाहिए होता है। इसलिए बड़े होने के बाद बच्चे रोज समय निकालकर अपनी मां के पास बैठें, उनसे बात करें। मां को महसूस कराएं कि वह अकेली नहीं हैं। ऐसे बिहेव से मां अपने मन की हर बात आपसे शेयर करेंगी। आप मां के खाने-पीने, दवा, एक्सरसाइज, मनोरंजन आदि का ख्याल रखें। अगर आप वर्किंग हैं तो घर पर उनकी समुचित देखभाल की व्यवस्था करके ऑफिस जाएं। ऑफिस आकर बीच-बीच में उन्हें फोन कर उनके स्वास्थ्य और जरूरतों के बारे में पूछती रहें। घर के फैसलों में मां की सलाह जरूर लें। उन्हें घर की हर बात से अवगत जरूर कराएं। उनके जीवन के अनुभव आपके बहुत काम आ सकते हैं। कोई सेलिब्रेशन हो तो उसमें मां को जरूर शामिल करें। इससे उन्हें खुशी मिलेगी।



**दूर रहकर भी रखें उनका ध्यान:** आज जो बच्चे बड़े होने पर मां से दूर रहते हैं, वे मोबाइल की मदद से भी अपनी मां की देखभाल कर सकते हैं। विदेश या दूर शहरों में रहने वाले अनेक लोग अपनी मां की जरूरत और पसंद का हर सामान ऑनलाइन बुक कर उनके पास पहुंचा देते हैं। यहां तक कि उनकी दवाइयां, डायपर आदि भी वो दूर बैठे-बैठे भेज देते हैं। वीडियो कॉल कर उनके करीब होने का एहसास दिलाते रहते हैं।

**मां को दें आत्मीय सलाह:** मां बनने के बाद महिलाओं का जीवन घर-परिवार और बच्चों की देखभाल करते बीतता है। बच्चों के आगे उन्हें अपना ख्याल रखने की भी फुर्सत नहीं मिलती। उम्र बढ़ने पर मां भुलक्कड़ और चिड़चिड़ी हो जाती हैं। ऐसे में मां को प्यार से समझाएं, ताकि उनका गुस्सा और चिड़चिड़ापन कम हो। मां की जरूरत की चीजों को सही जगह पर रखकर, समय पर उपलब्ध कराकर उनके दिमाग को शांत रखें। अगर मां कभी कोई गलती कर रही हैं तो उन्हें प्यार और समझदारी भरी सलाह दें।

**मदर्स-डे पर मां को स्पेशल फील कराएं:** मदर्स-डे के बहाने ही सही, अपनी मां को आउटिंग पर ले जाएं। आप किसी प्राकृतिक सौंदर्य वाली जगह या हिस्टोरिकल प्लेस पर ले जा सकती हैं। अच्छा हो मां से ही पूछ लें कि वह कहां जाना पसंद करेंगी। याद रखें, बूढ़े होने पर इच्छाएं बूढ़ी नहीं होतीं। इसलिए अपनी वृद्ध मां को खुशियों के पल बिताने का मौका जरूर दीजिए, इससे उनका अकेलापन दूर होगा, वह मानसिक रूप से स्वस्थ-प्रसन्न रहेंगी। ❁



अगर आपकी मम्मीं अपनी स्किन केयर पर ज्यादा ध्यान नहीं देती हैं। तो आप उन्हें यहां बताए जा रहे कुछ ईजी स्टेप्स फॉलो करवाएं। इससे बढ़ती उम्र में भी उनकी स्किन ग्लोइंग दिखेगी।

# 45 प्लस में भी ग्लो करेगी आपकी मदर की स्किन

केयर

**सरिता गुप्ता**

आमतौर पर 45 से 50 की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते महिलाएं अपने ड्रेस सेंस और लुक को लेकर ज्यादा कॉन्शस नहीं रहती हैं। लेकिन एक बेटी के तौर पर आप जरूर चाहेंगी कि आपकी मॉम अच्छी दिखें, उनके फेस पर ग्लो नजर आए। इसके लिए जब आप प्यार से अपनी मदर को स्किन केयर के लिए यहां दिए जा रहे सजेशंस के बारे में बताएंगी तो वे इन्हें जरूर फॉलो करेंगी। वैसे ही जैसे अल्का की बेटी आशी ने किया। एक दिन कॉलेज से आने के बाद आशी ने कहा, 'मम्मी आप इतनी प्यारी हो, लेकिन अपनी स्किन की केयर बिल्कुल नहीं करती हैं। इस उम्र में स्किन की केयर करना बहुत जरूरी है, नहीं तो आपकी स्किन पर रिंकल्स, झाइयां और डलनेस बढ़ती जाएगी।' अपनी बेटी की बात अलका को सही लगी। उसने अपनी स्किन केयर के लिए जो टिप्स फॉलो किए, इसके बारे में आप भी जानिए।

**सीरम:** मिड एज के बाद रात को सोते समय एंटी एजिंग सीरम का यूज जरूर करें। बढ़ती उम्र की महिलाओं को हमेशा रेटिनोइड बेस्ड सीरम ही लगाना चाहिए, क्योंकि इस उम्र में स्किन का कोलेजन कम होने लगता है और इसी वजह से चेहरे पर झुर्रियां पड़ने लगती हैं। ऐसे में, आपको अपनी स्किन टाइप के अनुसार एंटी एजिंग सीरम का यूज करना चाहिए। इसके यूज से झुर्रियां और फाइन लाइंस की समस्या भी धीरे-धीरे कम होने लगती है।

**सनस्क्रीन:** घर पर रहने वाली ज्यादातर महिलाएं सनस्क्रीन का यूज नहीं करती हैं। लेकिन एक्सपर्ट्स के अनुसार, बढ़ती उम्र में घर में रहते हुए भी सनस्क्रीन का यूज जरूर करना चाहिए। इससे मार्केटिंग के लिए या किसी भी काम से घर से बाहर निकलने पर स्किन को सूरज की अल्ट्रावायलेट किरणों से बचाया जा सकता है, इससे दाग-धब्बों और टैनिंग की समस्या भी दूर हो जाती है।





**एलोवेरा:** फ्रेश एलोवेरा जैल, त्वचा को नमी प्रदान करता है और जवां बनाए रखता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स के कारण ये स्किन की ड्राईनेस को भी दूर करता है। साथ ही हाइड्रेट बनाए रखने में मदद करता है। अगर आप एलोवेरा जैल में विटामिन-सी कैप्सूल ऑयल को मिक्स करके रात को सोते समय चेहरे पर लगाएं तो फेस पर ग्लो बढ़ने लगता है।

**दही-हल्दी पैक:** दही और हल्दी में एजिंग के लक्षणों को कम करने और फाइन लाइंस की समस्या को दूर करने की क्षमता होती है। इसलिए इस फेस पैक को बढ़ती उम्र की महिलाओं को जरूर अप्लाई करना चाहिए। इस पैक को हफ्ते में एक या दो बार लगाने से स्किन लंबे समय तक यंग और ग्लोइंग बनी रहती है।

**पपाया पैक:** अगर आपके चेहरे पर दाग-धब्बे और ब्लैक हेड्स जैसी समस्याएं हो रही हैं, तो आप पपीते का फेस पैक लगा सकती हैं। पपीते में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो स्किन को फ्री-रेडिकल्स से बचाते हैं। यह फेस पैक लगाने से चेहरे की झुर्रियां कम होती हैं और स्किन यंग बनी रहती है। 45 की उम्र के बाद इसे अप्लाई करना स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है।

**कच्चा दूध:** कच्चे दूध में विटामिन-ए होता है, जो स्किन को सही मात्रा में न्यूट्रिशन देने में मदद करता है। इसे लगाने से स्किन सॉफ्ट बनी रहती है। इसके रोज इस्तेमाल से चेहरे पर टाइटनेस बरकरार रहती है और स्किन स्मूद भी होती है। इसे आप अंडर आई पर भी आसानी से लगा सकती हैं, जिससे डार्क सर्कल भी कम होने लगते हैं। ❁

**(स्किन एक्सपर्ट राहुल जोशी से बातचीत पर आधारित)**

# मॉम के लिए स्पेशल गिफ्ट

सजेशन

**मानसी**

मां को अपने बच्चों से और बच्चों को अपनी मां से बेइंतहा प्यार होता है। मदर्स-डे आए तो बच्चे अपनी मां को जरूर कोई प्यारा-सा गिफ्ट देना चाहेंगे। उनकी यही कोशिश होगी अपनी मॉम को जो भी गिफ्ट दें, उन्हें पसंद जरूर आए। अच्छा गिफ्ट खरीदना आसान काम नहीं है, इसके लिए काफी सोचना पड़ता है कि पता नहीं मॉम को हमारा गिफ्ट पसंद आए या नहीं? हम आपको कुछ स्पेशल गिफ्ट आइटम्स सजेस्ट कर रहे हैं, आप इन्हें अपनी मॉम को प्रेजेंट कर सकती हैं। उन्हें आपका गिफ्ट जरूर पसंद आएगा।

**स्टाइलिश रिस्ट वॉच:** रिस्ट वॉच एक स्पेशल गिफ्ट आइटम है। आप जब अपनी मॉम को यह गिफ्ट देंगी और वह इसे अपनी कलाई पर बाधेंगी तो आपको जरूर याद करेंगी। आजकल तो बेहद स्टाइलिश रिस्ट वॉचेज मार्केट में अवेलेबल हैं, जैसे कि ब्रेसलेट स्टाइल में, जिसे आपकी मॉम अपनी किसी भी ड्रेस के साथ वियर कर सकती हैं। इनमें गोल्डन या सिल्वर टोन में अगर आप रिस्ट वॉच खरीदती हैं तो यह सभी तरह की ड्रेस पर सूट करेगी।



**रेडिमेड सूट या ड्रेस:** अगर आपकी मॉम को अलग-अलग ड्रेस वियर करने का शौक है तो उन्हें कोई सुंदर-सी ड्रेस गिफ्ट कर सकती हैं। आजकल मार्केट में रेडिमेड ड्रेस के ढेरों ऑप्शन हैं। अगर आपकी मॉम को सूट पहनना पसंद है तो आप उन्हें रेडिमेड सूट दे सकती हैं या फिर सूट का कोई सुंदर-सा फैब्रिक भी दे सकती हैं, जिसे वह अपनी पसंद के हिसाब से बनवा लेंगी।

**क्रिएटिव फोटो फ्रेम:** आपने देखा होगा कि आजकल फोटोज को अलग-अलग तरह से इस्तेमाल करके कुछ डेकोरेटिव आइटम्स क्रिएट किए जाते हैं। आप भी इसी तरह अपनी मॉम के साथ खुद की फोटो या पूरे परिवार की फोटोज का कोलाज फोटोफ्रेम क्रिएट करवा कर मॉम को गिफ्ट कर सकती हैं।

**आर्टिफिशियल ज्वेलरी:** किसी फैमिली फंक्शन में आपकी मॉम कुछ न कुछ डिफरेंट पहनना पसंद करती होंगी, तो आप उनकी मैचिंग की ज्वेलरी उन्हें गिफ्ट दे सकती हैं। जैसे कि गले का नेकलस या फिर हाथ की मैचिंग ज्वलेरी। जिससे उनका ऑल ओवर लुक डिफरेंट नजर आएगा।

**स्टाइलिश एसेसरीज :** एसेसरीज में अकसर मॉम को पर्स पसंद आते हैं। आप भी अपनी मॉम के लिए उनकी पसंद को ध्यान में रखते हुए कोई अलग तरह का पर्स गिफ्ट कर सकती हैं। पर्स ऐसा लें, जो मॉम की सभी ड्रेस पर सूट करे। पर्स के अलावा आप उन्हें बेल्ट या फिर हेयर एसेसरीज भी दे सकती हैं। ❁

मेडिकल एडवाइस

**डॉ. रविंद्र गुप्ता**
सीनियर कंसल्टेंट-मेडिसिन
सी.के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

बचपन से लेकर अब तक मम्मी आपकी सेहत का ख्याल रखती आ रही हैं। अब आपकी बारी है कि बढ़ती उम्र में उनकी जरूरतों को समझें, उनकी हेल्थ और फिटनेस को लेकर अवेयर रहें। अपनी मम्मी की हेल्थ केयर कैसे करें, आपके लिए यूजफुल एडवाइस।

# ऐसे करें मां की हेल्थ केयर वे रहेंगी हेल्दी-एनर्जेटिक

मिड एज के बाद मेनोपॉज स्टेज शुरू होने पर यानी पैंतालीस-पचास की उम्र में महिलाओं के शरीर में कई तरह के हॉर्मोन संबंधी बदलाव होते हैं। उनके शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य पर इसका गहरा असर दिखाई देता है। इस एज में बदलावों से गुजर रही अपनी मां की देखभाल करना आपकी जिम्मेदारी है। इस दौरान आप अपनी मम्मी की सेहत का विशेष रूप से ध्यान रखें। आप उनके साथ बातचीत के लिए समय निकालें, साथ ही उनकी सेहत संबंधी समस्याओं और भावनात्मक जरूरतों को समझें।

**डॉक्टर से करें कंसल्ट:** उम्र के इस दौर में अधिकतर महिलाएं मेनोपॉज संबंधी शारीरिक या फिर भावनात्मक बदलाव का सामना कर रही होती हैं, ऐसे में उन्हें आपके इमोशनल सपोर्ट की भी जरूरत होती है। आप अपनी मम्मी से उनकी समस्याओं के बारे में खुलकर बात करें। इस दौरान महिलाओं को कई बार अनियमित पीरियड्स, हैवी ब्लीडिंग, हॉट फ्लैशेज (सर्दी के मौसम में भी शरीर का तापमान बढ़ना और पसीना आना) जैसे लक्षण नजर आएं, तो बिना देर किए उन्हें किसी स्त्री रोग विशेषज्ञ के पास लेकर जाएं और डॉक्टर की बताई दवाएं खिलाने के साथ लाइफस्टाइल और डाइट में जरूरी बदलाव करवाएं। मेनोपॉज के बाद महिलाओं के शरीर में एस्ट्रोजेन और प्रोजेस्टेरॉन हार्मोन का लेवल कम हो जाता है। ये दोनों हार्मोन उनकी हड्डियों के लिए सुरक्षा कवच का काम करते हैं, लेकिन इन दोनों हार्मोन की कमी से उनको ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्या हो सकती है।



**मेंटल हेल्थ का रखें ध्यान:** हार्मोन संबंधी असंतुलन के कारण ही मिडिलएज में महिलाओं में तनाव, उदासी, एंग्जाइटी जैसी कई मनोवैज्ञानिक समस्याओं के भी लक्षण नजर आते हैं। ऐसी स्थिति में आप अपनी मम्मी के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं, उन्हें उनकी रुचि से जुड़े कार्यों, जैसे म्यूजिक, डांस, पेंटिंग, बागवानी आदि में व्यस्त रहने के लिए प्रेरित करें। इस दौर में अनिद्रा संबंधी समस्या भी बहुत परेशान करती है, इसलिए इस बात का ध्यान रखें कि आपकी मम्मी को रोजाना आठ घंटे की पर्याप्त नींद मिले। स्वस्थ रहने के लिए उन्हें रोजाना, योगाभ्यास, मेडिटेशन और ध्यान करने को प्रेरित करें।

**मेडिकल चेकअप है जरूरी:** मां का रेग्युलर मेडिकल चेकअप बहुत जरूरी है।

**मैमोग्राम:** 40-45 साल की उम्र के बाद ब्रेस्ट कैंसर की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए दो साल में एक बार मैमोग्राम करवाना जरूरी है।

**पैपस्मीयर-एचपीवी टेस्ट:** सर्वाइकल कैंसर या यूटेरस संबंधी बीमारियों का पता लगाने के लिए यह जांच करवाई जाती है। हर तीन साल के अंतराल पर यह जांच करवाएं।

**बोन डेंसिटी टेस्ट:** मेनोपॉज के बाद हड्डियां कमजोर होने का खतरा बढ़ता है, इसलिए अपनी मम्मी की ये जांच भी अवश्य कराएं।

**ब्लड प्रेशर-कोलेस्ट्रॉल:** बढ़ती उम्र में इन दोनों समस्याओं के बढ़ने की आशंका भी रहती है। इसलिए कोलेस्ट्रॉल की जांच के अलावा बीपी की भी जांच कराएं।

**ऐसी होनी चाहिए मां की डाइट:** मां की डाइट में मिल्क प्रोडक्ट्स जैसे दूध, दही, पनीर और छाछ को प्रमुखता से शामिल करें, लेकिन डॉक्टर की सलाह के बिना अपने मन से कैल्शियम का सप्लीमेंट न खिलाएं। आयरन की कमी से अकसर एनीमिया की समस्या होती है, इससे बचाव के लिए उनकी डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियों, गाजर, चुकंदर, खजूर, सेब, अमरूद, गुड़, चना और मूंगफली को शामिल करें। ❁

**प्रस्तुतिः विनीता**

## खबर संक्षेप



### चिंतामुक्त जीवन का आधार हैं राजयोग : बीके रजनी

**भिवानी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रूद्रा कॉलोनी दिव्य भवन में आध्यात्मिक जीवन के 35 वर्ष पूरे होने पर आयोजित सम्मान समारोह में शाखा संचालिका बीके रजनी दीदी ने कहा कि आज के समय में हर दूसरा व्यक्ति टेंशन से ग्रस्त नजर आता है और टेंशन का मुख्य कारण होता है कि आजकल के समय अनुसार सभी के विचार नकारात्मक और व्यर्थ होते जा रहे हैं।

### श्री श्याम मनुहार कार्यक्रम कल होगा

**भिवानी।** कृपा सांवरे की परिवार भिवानी द्वारा 7 मई को श्री श्याम मनुहार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मनीष गोयल ने बताया कि दिनोद गेट स्थित खाकी बाबा रामचरित मानस मंदिर में 7 मई को होने वाला श्री श्याम मनुहार कार्यक्रम सवा 6 बजे से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सान्निध्य परम पूज्य महंत रामकृपा दास महाराज का रहेगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान दिल्ली से कलाकार प्रेरणा मित्तल व छोटी काशी से गौरव अग्रवाल पहुंचेंगे।

### भारत-पाक संबंधों पर ज्ञान परक सत्र आयोजित

**भिवानी।** भिवानी पब्लिक स्कूल में शनिवार बाल सभा के दौरान भारत-पाकिस्तान संबंधों पर आधारित ज्ञानपरक सत्र का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करके ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, राजनीतिक तनाव, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और भविष्य की संभावनाओं को आदि के बारे में जानकारी प्रदान करना था।

### कलश यात्रा के साथ हुआ भागवत कथा का शुभारंभ

# श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से होता है पापों का नाश व शुभ कर्मों का उदय : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जैन चौक स्थित श्री ज्ञान आश्रम में सोमवार को कलश यात्रा निकालकर श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया। जो कि 5 मई से शुरू होकर 12 मई तक सांय 3 बजे से 7 बजे तक चलेगी। कथा के दौरान भागवतभूषण आचार्य सुरेश जी कौशिक कथा का वाचन करेंगे। कथा से पहले कलश यात्रा की शुरूआत डोभी तालाब स्थित गीता भवन से बैंड-बाजे के साथ भव्य तरीके से शुरू हुई, जो कि विभिन्न मार्गों से होती श्री ज्ञान आश्रम पर संपन्न हुई।

आश्रम के महंत जान सिंह के सान्निध्य में कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा के दौरान श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का महत्व बताते हुए कथावाचक भागवतभूषण आचार्य सुरेश कौशिक ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं, अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मों का उदय भी होता है। उन्होंने कहा कि कथा सुनने मात्र से जीव जन्म और मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि देवर्षि नारद ने भक्ति देवी के कष्ट की निवृत्ति के लिए श्रीमद् भागवत कथा का साप्ताहिक अनुष्ठान किया था। जहां संतकुमारों ने भागवत का प्रवचन करते हुए नारद के मन का संशय दूर किया।

इसी कथा को धुंधकारी प्रेत ने अपने अग्रज से श्रवण किया तथा प्रेत योनि से मुक्ति पाकर विष्णु लोक को प्राप्त हुए। कथा व्यास ने कहा कि भगवत श्रवण से जीव के सभी पाप मिट जाते हैं। इस अवसर पर अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।





बवानीखेड़ा। कलश यात्रा निकालते हुए।

## बाबा सोमवार पुरी कुटिया धाम में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा के सिद्ध श्री बाबा सोमवार पुरी कुटिया धाम के महंत कैलाश गिरी महाराज जी की 16वीं धुनी तपस्या के उपलक्ष्य में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पहले कलश यात्रा निकाली गई जो कुटिया से होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई वापिस निर्धारित स्थान पर पहुंची। संगीतमय विशाल श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 5 मई से 11 मई तक बाबा सोमवारपुरी कुटिया में ही आयोजित होगा जिसमें कथावाचक संदीप अत्री द्वारा कथा में सभी भक्तजनों को कथा के माध्यम से धर्ममार्ग के साथ जोड़ने का प्रयास करेंगे।

# भगवान के दर्शन से खत्म हो जाते हैं संतापः पारीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ श्री मद्भगवद कथा व्यक्ति को मृत्यु के भय से मुक्ति देती है: वेला पारीक

न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सार्वजनिक पार्क स्थल पर जारी श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक विदुषी वेला पारीक वृंदावन ने भगवान की कथा व्याख्यान करते हुए श्री मद भगवद कथा के महत्व, भागवत पुराण के बारे में जानकारी और भगवान के दिव्य लीलाओं का वर्णन किया। कथा में शुकदेव जी और राजा परीक्षित के बीच संवाद, ज्ञान, भक्ति और वैराग्य के महत्व को समझाया जाता है।

कथा व्यास विदुषी वेला पारीक ने कहा कि भागवत कथा को परमात्मा का अक्षर स्वरूप बताया जाता है, जो हृदय को जागृत कर भक्ति और मुक्ति का मार्ग दिखाती है। कथा प्रसंग में बोलते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण भगवान श्री कृष्ण की दिव्य लीलाओं का वर्णन करता है, जिसका मूल सार भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और मोक्ष प्राप्ति है। कथावाचक शुकदेव द्वारा राजा परीक्षित को भगवान की कथा अमृत का पान कराते हुए उनके हृदय में भगवान की प्रेम भक्ति स्थापित की जाती है।

कथा के माध्यम से ज्ञान, भक्ति और वैराग्य के महत्व को समझाया जाता है, जिससे श्रोता को आध्यात्मिक उत्थान और मृत्यु के भय से मुक्ति मिलती है। कथावाचक ने विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से भागवत कथा के गूढ़ रहस्यों को श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत किया। कहा कि भागवत कथा को अमृतवाणी कहा जाता है, जो कलयुग में मोक्ष का मार्ग दिखाती है। पहले दूसरे दिन नारद जी भगवान से प्रश्न करते हैं कि किस उपाय से मनुष्य को कम समय में पुण्य और मनवांछित फल मिल सकता है। धुंधकारी की कथा के माध्यम से संस्कारों के महत्व को समझाया जाता है।

कथावाचक नरसिंह भगवान, महर्षि शुकदेव और राजा परीक्षित के चरित्र पर भी प्रकाश डालते हैं। कथा व्यास विदुषी वेला पारीक वृंदावन ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रोता को आध्यात्मिक उत्थान और मृत्यु के भय से मुक्ति देती है।

# शिविर में 30 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रक्तदान महादान है और आज के भौतिकवादी युग में श्रेष्ठतम कार्यो में सर्वोपरि है। व्यक्ति को हर वर्ष कम से कम एक बार मानव हित के लिए रक्तदान करना चाहिए, क्योंकि यह जीवन की रक्षा के काम आता है। हरियाणा शिक्षा बोर्ड परिसर में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, जिला प्रशासन, हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग एवं नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के सौजन्य से शिविर का आयोजन किया।

इस रक्तदान शिविर का शुभोरम्भ माँ सरस्वती को पुष्प अर्पित व दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो.(डॉ.)पवन कुमार ने मुख्य अतिथि मनबीर सिंह, पुलिस अधीक्षक, भिवानी और अति विशिष्ट अतिथि विजेन्द्र बडग़ुजर, वाइस चेयरमैन, हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक के रूप में बोर्ड सचिव डॉ.मुनीश नागपाल, व उपाध्यक्ष सतीश कुमार उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मनबीर सिंह, ने इस अवसर पर कहा कि रक्तदान जैसे महान कार्य में सभी को भाग लेना चाहिए और जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान करें। रक्तदान करने से कई लोगों की जिन्दगी बचाई जा सकती है और दिल से जुड़ी बीमारियों और स्ट्रोक का खतरा कम होता है, शरीर में आयरन संतुलित होता है जिससे दिल की सेहत में सुधार होता है। अति विशिष्ट अतिथि विजेंद्र बडग़ुजर ने कहा कि रक्तदान करना एक पुण्य का काम है। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो.(डॉ )पवन कुमार ने बताया कि रक्तदान को महादान कहा जाता है। देशभर में अलग-अलग एन.जी.ओ. की तरफ से समय-समय पर रक्तदान शिविर लगाए जाते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. मुनीश नागपाल . ने कहा कि रक्तदाता समाज के सम्मुख प्रेरणा स्त्रोत है।



भिवानी। रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते हुए।

# केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के जन्मदिन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर दादरी के पार्टी कार्यालय में आयोजित शिविर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया।

दादरी विधायक सुनील सांगवान व बाढड़ा विधायक उमेद पातुवास ने रक्तदान करने वाले कार्यकर्ताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। दोनों विधायकों ने फायर स्टेशन परिसर पहुंचकर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर पौधरोपण भी किया। भाजपा जिला पार्टी कार्यालय में सोमवार को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन रक्तदान शिविर में जिलेभर से कार्यकर्ता व पदाधिकारी पहुंचे। जिलाध्यक्ष सुनील इंजीनियर की अध्यक्षता में विधायक उमेद पातुवास व सुनील सांगवान ने युवाओं का हौंसला बढ़ाते हुए दूसरों की जान बचाने के लिए रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सुनीता दांगी, राजेश सोनी, सुशीला फोगाट, अशोक पंवार, रविंद्र सिलगर आदि मौजूद रहे।



दादरी विधायक सांगवान व बाढ़ड़ा विधायक पातुवास ने बैज लगाकर किया सम्मानित

चरखी दादरी। रक्तदाताओं को बैज लगाते विधायक सुनील सांगवान।

# कैबिनेट मंत्री के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत सरकार में कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिवस के अवसर पर वर्ल्ड रक्तदान कैंप लगाया गया। जहां पर मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे बवानी खेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि व बवानी खेड़ा के नपा चैयरमैन सुंदर अत्री इस कैंप में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान किया।

विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने बताया कि रक्तदान एक महत्वपूर्ण कार्य है, जो कई लोगों की जान बचाने में मदद करता है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर रक्तदान कैंप लगाया गया, जो उनके समाज सेवा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। इसलिए हमें ऐसे शिविरों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। वहीं नपा चैयरमैन सुंदर अत्री ने बताया कि इस कैंप में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान किया, जो समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी को दर्शाता है। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।



बवानीखेड़ा। रक्तदाताओं को सम्मानित करते विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि।

# सीएम के ओएसडी को करवाया समस्याओं से अवगत

### चिकित्सकों ने उठाई आयुष्मान योजना के तहत आने वाली समस्याएं

■ स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है प्रदेश सरकार : विरेंद्र सिंह बडखालसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) विरेंद्र सिंह बडखालसा सोमवार को दिनोद गेट स्थित अंचल नर्सिंग होम में पहुंचे। यहां पहुंचने पर चिकित्सकों द्वारा ओएसडी विरेंद्र सिंह बडखालसा का स्वागत किया गया। इस मौके पर चिकित्सकों के प्रतिनिधिमंडल ने डा. विनोद अंचल की अगुवाई में ओएसडी को आयुष्मान योजना सहित विभिन्न समस्याओं का मांगपत्र भी सौंपा तथा उन समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाए जाने की गुहार भी लगाई।

इस मौके पर सीएम के ओएसडी विरेंद्र सिंह बडखालसा ने चिकित्सकों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उनकी समस्याओं को मुख्यमंत्री से त्वरित समाधान करवाए जाने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। आयुष्मान योजना के व्यापक लाभों की जानकारी देते हुए बड़खालसा ने कहा कि इस योजना के तहत गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव आया है। तथा आयुष्मान योजना को और प्रभावी बनाने के लिए ज़मीनी स्तर पर चिकित्सकों की भूमिका अहम है तथा सरकार चिकित्सकों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह तैयार है।



भिवानी। सीएम के ओएसडी को मांगपत्र सौंपते हुए।

### घुसकानी में ओएसडी का अभिनंदन समारोह

*भिवानी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) विरेंद्र सिंह बडखालसा के सम्मान में गांव घुसकानी में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रदीप घुसकानी द्वारा करवाया गया, जिसमें ग्राम पंचायत घुसकानी, डा. बीआर अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी एवं बाबा मनसागिरि सेवा समिति द्वारा सम्मान की प्रतीक पगड़ी एवं शॉल ओढ़ाकर ओएसडी का स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री के ओएसडी के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। कौशिक ने अभिनंदन समारोह में ओएसडी विरेंद्र सिंह बडखालसा के प्रशासनिक योगदान एवं जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ओएसडी विरेंद्र सिंह बडखालसा ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे हमेशा जनता की सेवा को सर्वोपरि मानते हैं। इस अवसर पर नंदराम धानिया, संदीप सरपंच, सुरेश सरपंच आदि मौजूद रहे।*

### सखी वन स्टॉप सेंटर का सीजेएम ने किया औचक निरीक्षण महिलाओं व बच्चों की सहायता के लिए दिए जरूरी निर्देश

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी.आर. चालिया के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम पवन कुमार ने सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को महिलाओं व बच्चों की मदद के लिए आवश्यक निर्देश दिए। सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, बाल शोषण या किसी अन्य तरह की हिंसा का शिकार महिलाएं व बच्चे 24 घंटे संचालित हेल्पलाइन नंबर 181 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यह हेल्पलाइन न केवल कानूनी सलाह, बल्कि स्वास्थ्य सेवाएं, काउंसलिंग, और अन्य आवश्यक सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहायक है। निरीक्षण के दौरान सीजेएम ने उन केस रजिस्टरों की भी जांच की जिनमें हिंसा की शिकार महिलाओं को सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा दी गई सेवाओं का उल्लेख था। इनमें चिकित्सा सुविधा, मानसिक परामर्श और निःशुल्क विधिक सहायता शामिल हैं। सीजेएम पवन कुमार ने केंद्र पर मौजूद अधिकारियों से स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई भी पीड़ित महिला निःशुल्क वकील की सेवा लेना चाहती है, तो उसे सीधे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से जोड़ा जाए।

# एसडीएम व नगराधीश ने सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ अधिकारियों को मूलभूत सुविधाएं से संबंधित शिकायतों को मौके पर ही निपटाने के दिए निर्देश

एसडीएम महेश कुमार व सीटीएम अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से सोमवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं से संबंधित शिकायतों को मौके पर ही निपटाएं।

समस्याओं का समाधान कर उनकी रिपोर्ट स्पष्ट शब्दों में पोर्टल पर भी अपडेट करें। समाधान शिविर में एसडीएम व सीटीएम के समक्ष कर्ण सिंह ने डीप्लान के तहत गली पक्की करवाने, हंसराज ने मनरेगा में हुए भ्रष्टाचार के मामले में कार्रवाई करवाने बारे व माया देवी, कमला देवी, अशोक कुमार, संतरो देवी, मांगेराम व सरजीत ने पीपीपी से संबंधित, उमेद देवी व राजपाल ने पुलिस कारवाई करवाने बारे, संदीप कुमार ने मुंढाल तालु ड्रेन पर पुल बनवाए बारे, मुस्कान ने स्कॉलरशिप की राशि न मिलने बारे, केदारनाथ ने गंदे पानी की निकासी न होने बारे, मनदीप ने मैरिज रजिस्ट्रेशन फाइल को विभाग द्वारा गुम करने पर कार्रवाई बारे समस्या रखी। इसी प्रकार से देवेन्द्र ने पब्लिक हेल्थ द्वारा रोयलटी न देने बारे, धर्मपाल ने बुढ़ापा पेंशन न मिलने बारे, सुशीला ने डाकघर द्वारा बुढापा पेंशन न देने बारे, देवराला निवासी प्रदीप ने पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा हटवाने बारे, रामचन्द्र ने जमीन की रजिस्ट्री करवाने बारे, सतीश कौशिक ने एक कोचिंग सेंटर द्वारा मार्कसिट न दी जाने बारे एसडीएम व सीटीएम के समक्ष अपनी शिकायत रखी।

# बीबीएमबी का फैसले लागू करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी ने पानी के मुद्दे पर की बैठक

मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी की जिला कमेटी ने राज्य व केंद्र सरकार से मांग की है कि वे पीने के पानी के संबंध में बीबीएमबी द्वारा 23 अप्रैल, 30 अप्रैल व 3 मई को दिए गए निर्णय को लागू करवाए। पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य व जिला कमेटी सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि उनकी पार्टी पीने के पानी की विकट स्थिति के मध्यनजर राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा 3 मई को चंडीगढ में बुलाई गई सर्व दलीय बैठक शामिल होकर व्यवहारिक सुझाव दिए थे कि पंजाब हरियाणा की सरकारें आपस में सद्भावपूर्वक ढंग से मिलबैठकर आम लोगों की मानवीय जरूरत को प्राथमिकता देते हुए पानी की किल्लत का हल निकाले, परन्तु यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि मानवीय और राष्ट्रीय हितों के व्यापक परिपेक्ष्य का रास्ता अपनाने की बजाए पानी जैसे जीवन से जुड़े सवाल पर संकीर्ण राजनीति हो रही है। इससे पानी की समस्या हल होने की बजाए दोनों राज्यों की जनता की भावनाएं भडक़ाने वाली ताकतों को ही बल मिलेगा। इसलिए केंद्र सरकार इस मामले में स्थिति को उलझाने की बजाए परस्पर विश्वास और सौहार्द बहाल करने का रुख अपनाए। नहरी पानी की उपलब्धता और उसमें विभिन्न पक्षों की हिस्सेदारी का आधार वस्तुगत तथ्यों और मानवीय पहलु से तय होना चाहिए। कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि इस संबंध में बीबीएमबी की तकनीकी कमेटी तथा बाद में प्रबंधकों ने जो 8500 क्यूसीक पानी हरियाणा को देने निर्णय किया है, उसे केन्द्र सरकार द्वारा लागू करवाया जाना चाहिए। पंजाब सरकार द्वारा नांगल में भाखड़ा कंट्रोल पर पुलिस पहरा व इस मुद्दे पर विधानसभा स्तर बुलाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि पंजाब सरकार को वास्तविक बांध की क्षमता व पिछले 10 वर्षो के पानी आपूर्ति को आधार मानते हुए सही तथ्यों व मानवीय आधार पर एक व्यवहारिक रुख अपनाकर मामले को सद्भाव से निपटाना चाहिए।

**कार्यक्रम** सीजेएम पवन कुमार ने किया नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण

# आमजन से युवाओं को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निर्देशानुसार सीजेएम-कम-सचिव पवन कुमार ने नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र का दौरा किया। उन्होंने सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं व आमजन से अपील की है कि वे युवाओं को नशा छोडऩे के लिए प्रेरित करें। निरीक्षण के दौरान सीजेएम पवन कुमार ने केंद्र में रह रहे नशा पीड़ितों से बातचीत कर उनके इलाज, दिनचर्या तथा पुनर्वास से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्टॉफ से नशा पीड़ितों के प्रति सहानुभूति और संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करने के निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और उनकी भावनाएं समझी। मरीजों ने सीजेएम को बताया कि वे किस प्रकार नशे की लत से अपने परिवार व समाज से कट गए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति केंद्र के प्रयासों से वे पुनः सामान्य जीवन जीने की दिशा में अग्रसर हैं।



भिवानी। नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण करते न्यायाधीश।

### नशा मुक्ति केंद्र नई शुरुआत का अवसर

सीजेएम पवन कुमार ने कहा नशा न केवल व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर करता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। हमारा प्रयास है कि पीड़ित युवाओं को न सिर्फ इलाज मिले, बल्कि वे आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्यधारा में लौट सकें। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति केंद्र केवल इलाज का स्थान नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत का अवसर है। इसलिए केंद्रों को सकारात्मक वातावरण देने की आवश्यकता है, जिससे मरीज मानसिक रूप से भी मजबूत हो सकें। उन्होंने केंद्र प्रबंधन और कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे एक संवेदनशील और कठिन कार्य को पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासनिक और न्यायिक सहयोग हमेशा केंद्र के साथ रहेगा। उन्होंने मरीजों को आश्वस्त किया कि यदि वे सच्चे मन से प्रयास करें।

## खबर संक्षेप



### 20 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल के लिए सौंपा नोटिस

**चरखी दादरी।** हरियाणा शिक्षा विभाग कर्मचारी तालमेल कमेटी से जुड़े संगठनों पदाधिकारियों ने 20 मई को होने वाले राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने का नोटिस जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अधीक्षक राजीव भारद्वाज को सौंपा। नोटिस में बताया कि केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, सरकारी कर्मचारी परिसंघों, अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ व सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल प्रस्तावित है, जिसमें देशभर के कर्मी अपनी मांगों को के लिए आवाज बुलंद करेंगे।



### तोशाम के रामॉवि में किया वाटर कूलर दान

**तोशाम।** सोमवार को तोशाम के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं भाजपा नेता सुरेश लाठर ने स्थानीय वीर शहीद ईश्वर सिंह पंघाल राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अपने निजी कोष से वाटर कूलर भेंट किया। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य सुदेश यादव ने प्रसिद्ध समाजसेवी सुरेश लाठर का विद्यालय में बच्चों के लिए ठंडा पानी पीने के लिए वाटर कूलर दान करने के लिए आभार व्यक्त किया।




### बिजली पानी नहीं आने से ग्रामीणों ने जताया रोष

**भिवानी।** जन संघर्ष समिति भिवानी के नेतृत्व में कायला गांव में ग्रामीणों ने पिछले चार दिनों से बिजली पानी की आपूर्ति नहीं होने से विद्युत निगम व प्रदर्शन कियजन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध रोष प्रकट करते हुए गांव के अड्डे पर भारी प्रदर्शन किया। इस मौके पर जन संघर्ष समिति संयोजक व माकर्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड ओम प्रकाश गांव में पहुंचे और ग्रामीणों के सामने विद्युत निगम के अधीक्षक अभियन्ता से शीघ्र बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की। उन्होंने शीघ्र गांव में बिजली आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया है।

### शिविर में 67 बच्चों के आंखों की जांच

**चरखी दादरी।** गांव बास स्थित सरकारी विद्यालय में गीत अर्जुना फाउंडेशन द्वारा बचपन की नजर प्रोजेक्ट के अंतर्गत नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 67 बच्चों की आंखों की जांच की गई। इस जनसेवा कार्य का उद्देश्य बच्चों की दृष्टि संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान कर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए।

# महावीर स्वामी के जिओ और जीने दो के सिद्धांत पर चलें जीवन सुखमय एवं आनंदमय बन जाएगा: उपेंद्र मुनि

*बिना कष्टों के जीवन जीने के 3 मंत्र, अच्छा साहित्य, शुद्ध विचार व बिना इच्छा के करें साधना: उपेंद्र मुनि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बिना कष्टों के जीवन जीने के तीन मंत्र अपने जीवन में धारण करिये, कभी जीवन में परेशानी नहीं आएगी। आप प्रतिदिन अच्छा साहित्य पढ़े, शुद्ध विचार रखें और बिना इच्छा के साधना करें तो जीवन सुखमय बन जाएगा। वहीं महावीर स्वामी के जीओ और जीने दो के सिद्धांत पर चलें जीवन आनंदमय हो जाएगा, ये वचन जैन मुनि महर्षि पंडित रत्न शास्त्री उपेंद्र मुनि महाराज ने व्यक्त किए। वे रविवार रात्रि जैन चौक स्थित विनोद कुमार जैन व विकास जैन घंटी के निवास पर श्रद्धालुओं को सत्संग वचन सुना रहे थे। मुनिश्री ने कहा कि जो आप अपने लिए सोचते हैं, वहीं दूसरों के लिए सोचें, जीवन के आधे से ज्यादा कष्ट समाप्त हो जाएंगे। आज सब लोग अपने दुःख से ज्यादा दूसरे के सुख से दुःखी हैं, जो जीवन की कड़वी सच्चाई हैं।



**भिवानी।** श्रद्धालुओं को प्रवचन देते जैन मुनि महर्षि पंडित रत्न शास्त्री उपेंद्र मुनि महाराज।

### पाखंड में पड़कर अपना जीवन बर्बाद न करें

जैन मुनि महर्षि पंडित रत्न शास्त्री उपेंद्र मुनि महाराज ने कहा कि अपना जीवन शुद्धता के साथ जीये, पाखंड में पड़कर अपना जीवन बर्बाद न करें। हम अपने जीवन की समस्याओं के निराकरण के लिए टोणै टोटके, पूजा पाठ, मंत्र, ज्योषिचार्य व विद्वान पंडितों के चक्कर में पड़ते हैं, वे आपको मंगलवार को बंदरों को केले खिलाना, बुधवार को गाय को हरा चारा खिलाना, शनिवार को काले कुत्ते को तेल की चुपड़ी रोटी खिलाना आदि उपाय करने की सलाह देते है। महाबीर स्वामी ने जीओ और जीने दो का संदेश दिया था, लेकिन लोग इसके विपरीत स्वार्थपूर्ण जीवन जी रहे हैं। आप अपने लिए अच्छा और पशु-पक्षियों के लिए बुरा सोच रहे हैं। आप अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए बंदरों को केले, गाय को हरा चारा व कुत्ते को रोटी खिला रहे हैं, जो गलत हैं। आपकी धर्म-कर्म करने की इच्छा हैं तो आप इसे अपनी दिनचर्या में ढालियें, किसी के कहने या उपाय मात्र से ऐसा करना दूसरे के प्रति बुरी भावना हैं। उपेंद्र मुनिश्री ने कहा कि आप मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च या किसी भी धार्मिक स्थल पर निःस्वार्थ भाव से जाएं, लेकिन सब लोग देवी देवताओं को छत्तर चढ़ाने, चुन्नी चढ़ाने और सवामणी लगाने की रिश्वत देकर अपना कार्य सिद्ध करवाने का दबाव बनाते हैं। भगवान, देवी देवता व गुरू केवल भाव के भूखे होते हैं, उन्हें आप लोगों से कुछ नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि कभी भी उपवास रखो तो केवल पानी का रखो, इसके अलावा कुछ न खाएं, इससे आपके पेट को राहत मिलेगी और अन्न की बचत भी होगी।

### मौजूद रहे

इस मौके पर एडवोकेट बीबी जैन, विनोद कुमार जैन, विकास जैन घंटी, विजय जैन वर्धमान, हिमांशु जैन, एनके जैन, दिनेश जैन, राजीव जैन, पवन जैन, प्रवीन गर्ग, देवेंद्र डीके जैन, राकेश जैन, सुभाष गोयल, पुनीत वर्मा, आत्मप्रकाश, मास्टर मक्खन, महेंद्र आर्य, रमन जैन, सतबीर सिंह, राजकुमार जैन, आदि मौजूद थे।

## हर 20 दिन बाद सीवर हो जाते ब्लॉक, कर्मचारी फट्टी मारकर कर जाते खानापूर्ति

# विधायक निवास के साथ बागकोठी गली एक में सीवरेज ब्लॉक, घरों के सामने जमा हुआ गंदा पानी

गलीवासियों को आवागमन में हो रही परेशानी, पांच साल से नहीं हो रहा स्थायी समाधान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बागकोठी गली नंबर एक में सीवरेज ब्लॉकेज की समस्या लोगों के जी का जंजाल बन गई हैं। ठीक इसके साथ बागकोठी गली नंबर तीन में सत्ताधारी भाजपा पार्टी के विधायक घनश्यामदास सर्राफ का निवास हैं। बागकोठी गली नंबर एक में घरों के सामने सीवरेज का गंदा पानी जमा होने से क्षेत्रवासियों को बदबूदार माहौल में जीवनयापन करना पड़ रहा हैं। क्षेत्रवासियों को कहना हैं कि पांच साल से सीवरेज की समस्या बनी हुई हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं हैं। क्षेत्रवासियों को हर 20 बाद सीवरेज ब्लॉकेज की समस्या से जूझना पड़ता हैं। बार बार शिकायत करने के बाद विभागीय कर्मचारी आते हैं और फट्टी मारकर महज खानापूर्ति करके चले जाते हैं। क्षेत्रवासियों को कहना हैं कि विधायक निवास के साथ गली में अगर समस्या को कोई स्थायी समाधान नहीं हो रहा तो पूरे शहर की स्थिति कैसी होगी इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता हैं। उल्लेखनीय हैं कि बागकोठी गली नंबर तीन में भाजपा विधायक घनश्यामदास सर्राफ का निवासी स्थान हैं और इसके साथ लगती गली नंबर एक में करीब पांच वर्षों से सीवरेज ब्लॉकेज की समस्या बनी हुई हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं हैं। हर 20 दिन बाद गली की सीवरेज लाइन ब्लॉक हो जाती हैं और सारा गंदा पानी घरों के सामने जमा हो जाता हैं। अनेक बार जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह को सूचित किया जा चुका। तीन माह पहले भी नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह व अधिकारियों ने मौका देखा था और गली में एक अतिरिक्त सीवरेज का मैनहॉल बनाने की बात कही थी, लेकिन इसे अमलीजामा नहीं पहनाया गया। क्षेत्रवासी सागर अग्रवाल, मनोज जिंदल, गिरधारीलाल, संदीप मित्तल, बिमला देवी, प्रेम देवी व शीला देवी ने बताया कि हमारी गली की सीवरेज लाइन काफी पुरानी हो चुकी हैं, जिसमें कोई तकनीकि समस्या हैं। गली की सीवरेज लाइन की या तो लेवलिंग की समस्या हैं या फिर कोई रूकावट बनी हुई हैं, जो हर 20 दिन बाद लाइन को सुचारू रूप से चलने में अवरोधक बनती हैं। सीवरेज ब्लॉकेज की समस्या बनती हैं तो विभाग के कर्मचारी आकर मैनहॉल से थोड़ा बहुत कूड़ा कर्कट निकालकर और फट्टी मारकर महज खानापूर्ति करके चले जाते हैं, जिससे समस्या का करीब डेढ़ दो माह तक टल जाती हैं। क्षेत्रवासियों का कहना हैं कि जब सत्ताधारी पार्टी के विधायक एवं पूर्वमंत्री घनश्यामदास सर्राफ के साथ वाली गली का ये हाल हैं तो फिर पूरे शहर की स्थिति क्या होगी, ये सोचने वाली बात हैं।





**भिवानी ।** सीवरेज ब्लॉक होने से बाग कोठी की गली नंबर एक में जमा गंदा

### नहीं बनाया सीवरेज का अतिरिक्त मैनहॉल

गली में सीवरेज लाइन ब्लॉकेज की समस्या का स्थायी समाधान के लिए करीब तीन माह पहले नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मौका मुआयना किया था। इस दौरान उन्होंने उक्त समस्या के स्थायी समाधान के लिए गली में एक अतिरिक्त सीवरेज का मैनहॉल बनाने का आश्वासन दिया था, लेकिन तीन माह बीत जाने के बावजूद इस पर कोई काम नहीं हुआ और पुनः सीवरेज ब्लॉकेज की समस्या सामने आ गई हैं।

### ऑनलाइन शिकायत, नहीं हो रही सुनवाई

संदीप मित्तल ने बताया कि सीवरेज समस्या को लेकर वे विधायक, नप चेयरपर्सन, एसडीओ व जेई से फोन कर चुके हैं, लेकन कोई समाधान नहीं हो रहा। ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत करने के लिए दो मोबाइल नंबर दिए हुए हैं, जिसमें एक जेई और दूसरा किसी अन्य व्यक्ति का हैं, जो चार पांच दिन तक फोन ही रिसीव नहीं करते और करते भी हैं तो रात को उठाते हैं। रात को फोन उठाने पर सुबह समाधान करवाने की बात कहते हैं, सुबह फोन करो तो फोन ही नहीं उठाते। वे खुद भी विधायक के निवास पर जाकर उनके बेटे से समाधान करवाने की बात कह चुके, लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा। जेई सेठ किशनलाल जालान नेत्र अस्पताल के सामने सीवरेज के मैनहॉल पर ट्रेक्टर पंप चलाने की बात कहते हैं और वहां जाते हैं तो पंप बंद मिलता हैं।

### नारकीय जीवन जी रहे क्षेत्रवासी

क्षेत्रवासियों का कहना हैं कि राजनेता महज वोटों तक सीमित हैं, इसके बाद वे क्षेत्र की समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं देते। सरकार पैसे की कोई कमी नहीं होने और विकास कार्यों की झड़ी लगाने की बात करती हैं, अधिकारी जानबूझकर सरकार को बदनाम और जनता को परेशान कर रहे हैं। पांच वर्ष से बागकोठी गली नंबर एक निवासी सीवरेज समस्या से जूझ रहे हैं और कोई सुनने वाला नहीं हैं। सीवरेज ब्लॉकेज होने से गंदा एवं बदबूदार पानी गली में घरों के सामने जमा हो रहा हैं और जो मकान नीचे में उनके अंदर घुस रहा हैं, ऐसे में क्षेत्रवासियों का जीवन नरक के समान हो चुका हैं।

### गंदे पानी की वजह से बीमारियों का अंदेशा

आयदिन सीवरेज ब्लॉकेज होने से गली में गंदा जमा हो जाता हैं, जो बहुत ही बदबूदार हैं। गंदे पानी में सारा दिन मक्खी मच्छर बैठते हैं और बाद में वहीं मक्खी मच्छर घरों में घुसकर लोगों को काटते हैं और खाने पीने की वस्तुओं पर बैठकर बीमारियां फैलाते हैं। गंदे पानी की वजह से गली में अनेक लोग बीमारी का शिकार हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों को गंदगी की वजह से बीमारियां फैलने का भय भी सताने लगा हैं। वहीं प्रशासन व सरकार ने समय रहते समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया तो डेंगू व मलेरियां का प्रकोप भी फैल सकता हैं, जिसका जिम्मेदार प्रशासन व विभाग होंगे।

### आईआईटी की मांग को लेकर सांसद किरण चौधरी को ज्ञापन सौंपा

**भिवानी।** अग्रवाल वैश्य समाज के प्रतिनिधि मंडल ने राज्यसभा सांसद किरण चौधरी से केंद्र सरकार द्वारा हरियाणा में प्रस्तावित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी को भिवानी विधानसभा क्षेत्र में स्थापित किए जाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा हरियाणा में एक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी का निर्माण किया जाना है।

इसके संदर्भ में भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने लोकसभा में यह मांग की है कि यह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी उनके संसदीय क्षेत्र में स्थापित किया जाए। इसी कड़ी में सांसद की मांग का समर्थन करते हुए अग्रवाल वैश्य समाज के प्रांत मंत्री मुकेश बंसल, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज कसेरा, जिला अध्यक्ष अमन गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष ललित मित्तल, युवा कार्यकारी अध्यक्ष नितिन बासिया, युवा महासचिव अखिल मित्तल ने केंद्र सरकार से यह मांग की है कि हरियाणा में स्थापित होने वाली भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी को भिवानी विधानसभा क्षेत्र में स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि आईआईटी को भिवानी विधानसभा क्षेत्र में स्थापित किए जाने से भिवानी की जनता को चहुमुखी विकास देखने को मिलेगा और सरकार का यह फैसला भिवानी की जनता के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। इस मौक़े पर युवा जिला अध्यक्ष वरुण सिंघल, पंकज जेवड़ीवाला, उमाशंकर अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# खो-खो में भाग लेने वाली छात्राओं का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानी खेड़ा

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एसजीएफआई की खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं का विद्यालय प्रबंधन द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य नितीश मिश्र, प्राथमिक प्रभारी प्रोमिला यादव एवं समस्त विद्यालय स्टाफ ने खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के चेयरमैन आनंद यादव ने कहा, यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का क्षण है कि हमारे विद्यालय को सीबीएसई द्वारा एसजीएफआई में भाग लेने के लिए नामांकित किया गया था । पूरे क्षेत्र में यह एकमात्र विद्यालय है जिसे यह अवसर मिला है। कोच नसीब ने पूरी निष्ठा और मेहनत से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया, जिसकी बदौलत यह सम्मान प्राप्त हुआ है। प्राचार्य नितीश मिश्र ने जानकारी दी कि 30 अप्रैल से 5 मई 2025 तक त्यागराज स्टेडियम, नई दिल्ली आईएनए में एसजीएफआई द्वारा आयोजित 68वीं राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता 2024–25 में विद्यालय की लडकियों की टीम ने सीबीएसई की ओर से सहभागिता की। एसजीएफआई जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना न केवल छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाता है, बल्कि उनके भविष्य में कॉलेज प्रवेश एवं नौकरी के अवसरों में भी सहायता करता है। इन प्रतियोगिताओं के प्रमाण-पत्र अत्यंत मूल्यवान होते हैं।उन्होंने बताया की स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रमाण पत्र सरकारी एप डीजी लॉकर के माध्यम से भी प्राप्त किये जा सकते है । कार्यक्रम के समापन पर प्राथमिक प्रभारी प्रोमिला यादव ने सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद प्रदान किया और टीम के कोच एवं प्रबंधक का विशेष धन्यवाद किया।




**भिवानी।** प्रतिभागियों के साथ स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

# यूपीएससी में चयनित स्वाति का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव मौड़ी स्थित सीबीएस मेमोरियल स्कूल की पूर्व छात्रा स्वाति फोगाट ने अपनी मेहनत एवं लग्न से एक नया इतिहास रच दिया है। स्वाति ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में 306वीं रैंक हासिल कर न केवल अपने स्कूल का नाम रोशन किया है, बल्कि क्षेत्र का भी मान बढ़ाया है। स्कूल प्रांगण में आयोजित सम्मान समारोह में स्वाति फोगाट एवं उनके पिता रमेश फौगाट डीपीई और माता सुदेश देवी को सम्मानित किया। स्वाति ने कहा कि सीबीएस स्कूल के अध्यापकों ने मेरे भविष्य की मजबूत नींव डाली, जिसकारण मैं अपना लक्ष्य हासिल करने में कामयाब हुई। उन्होंने कहा कि स्कूल में प्राप्त शिक्षा और अध्यापकों का मार्गदर्शन उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण रहा है। स्वाति ने वर्तमान छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और लगन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। छात्रों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि वे अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्पित रहेंगे तो निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करेंगे।



यूपीएससी में 306वीं रैंक हासिल करने वाली स्वाति फौगाट को सम्मानित करते अतिथि।

## नशा मुक्त समाज की स्थापना के लिए प्रत्येक जन की बराबर की भागीदारी: सर्राफ

# स्वस्थ और समर्थ हरियाणा की दिशा में निर्णायक कदम साबित होगी नशा मुक्त यात्रा: डॉ. अरविंद शर्मा

*अभियान का अंत नहीं आंदोलन की शुरूआत है नशा मुक्त हरियाणा संकल्प रथ यात्रा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नशामुक्त समाज के स्वप्र को पूरा करने के उद्देश्य से युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में हनुमान जोहड़ी मंदिर के महंत बालयोगी चरणदास महाराज के सान्निध्य में शुरू की गई 9 दिवसीय प्रदेश स्तरीय नशा मुक्त हरियाणा संकल्प रथ यात्रा का समापन हो गया। यह जानकारी देते हुए समाजसेवी रमेश सैनी व पर्यावरण प्रहरी विजय सिंहमार ने बताया कि हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर में यात्रा के समापन अवसर पर केबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा एवं पूर्व मंत्री व विधायक घनश्याम सर्राफ ने शिरकत की तथा युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट के इस अभियान की सराहना करते हुए इस नशा मुक्त समाज की स्थापना में एक अहम कदम बताया।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा व विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा शुरू की गई यह हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के संकल्प का हिस्सा थी। इसका उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना नहीं, बल्कि लोगों को इस मुहिम से सक्रिय रूप से जोडऩा भी था। उन्होंने बताया कि उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज की परिकल्पना को पूरा सिर्फ सरकार का अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक जन की भी जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि जब सरकार और समाज साथ चलें तो बदलाव निश्चित होता है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा भविष्य के स्वस्थ और समर्थ हरियाणा की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम तभी सफल होते है, जब आमजन भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों में बढ़-चढक़र हिस्सा ले तथा जागरूकता संदेशों को अपने जीवन में अपनाए।




**भिवानी।** नशामुक्ति यात्रा समापन अवसर पर सम्मानित करते मंत्री।

### नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया

इस मौके पर बालयोगी महंत चरणदास ने कहा कि 9 दिवसीय इस यात्रा ने प्रदेश भर में विभिन्न स्थानों पर घूमकर लोगों को नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि 9 दिनों तक चली इस यात्रा का समापन ना केवल एक अभियान का अंत है, बल्कि एक जनजागरण की शुरुआत भी है। उन्होंने कहा कि उनका यह अभियान भविष्य में जारी रहेगा तथा प्रदेश के प्रत्येक जिला के प्रत्येक गांव तक वे पहुंचेंगे तथा लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। बताया कि यह यात्रा पूरे प्रदेश में नशे के खिलाफ एक गूंज बनकर उभरी, जिसने युवाओं, अभिभावकों और समाज के हर वर्ग को झकझोरा।

डॉ. आर. पी. शर्मा
अस्पताल
सिविल अस्पताल से रिटायर्ड सीनियर सर्जन
सभी आप्रेशन एवं
नार्मल डिलीवरी
सबसे सस्ते रेट में किए जाते हैं।
सभी आप्रेशन बिना टाँके के भी किए जाते हैं।
कॉपर-टी की सुविधा उपलब्ध है।
गर्भवती महिलाओं के लिए
OPD फीस फ्री
पता : मिनी बाईपास रोड़,
CR Resort के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र :
9416296903, 8168362612